कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009
**OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS**
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

**दूरभाष/TELE: 040-27843385** **फैक्स/FAX:040-27817275**

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक दिनांक : 13.04.2022

विषय : 03/2022 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

*******

इस कार्यालय की 03/2022 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 30.03.2022 को दोपहर 3.00 बजे सम्मेलन कक्ष में किया गया । बैठक की अध्यक्षता श्री श्रीनिवास राज बेथम, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री श्रीनिवास राज बेथम, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्रीमती एस. वत्सला, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री एल.एम. अय्यर, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | सदस्य |
| 4. | श्री पी. बालकृष्ण राव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्री के. रामनारायण चारी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्री एम. शैलेन्दर कुमार | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्रीमती जे. माधवी | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | श्रीमती जी. अनुराधा | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्री के. रामकृष्णा | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्री पी. श्रीनिवास मूर्ति | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 11. | श्री जी. श्रीनिवास मूर्ति | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 12. | श्री यू. रवि कुमार | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 13. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | सदस्य सचिव |

सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और समिति की नए सदस्यों श्री एम. शैलेन्दर कुमार, लेखा अधिकारी, श्रीमती जी. अनुराधा, लेखा अधिकारी और श्री के. रामकृष्णा, लेखा अधिकारी का परिचय दिया गया। तदुपरांत अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

**मद सं.1 - दिनांक 21.12.2021 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :**

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 21.12.2021 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 21.12.2021 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. **<u>हिंदी कार्यशाला का आयोजन :</u>** समिति को सूचित किया गया कि दिनांक 24 और 25 मार्च को दो दिवसीय ऑन-लाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य कार्यालय और उप-कार्यालयों के 22 कर्मचारियों ने भाग लिया ।

2. **<u>निरीक्षण:</u>** वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार 25% अधीनस्थ कार्यालयों और 25% अनुभागों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। इसी क्रम में वर्ष 2021-2022 के दौरान र.ले.नि. महोदय द्वारा अनुमोदित निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार आठ उप-कार्यालयों का राजभाषा ई-निरीक्षण किया गया और मुख्य कार्यालय के 06 अनुभागों का राजभाषा निरीक्षण किया गया । उप-कार्यालयों की निरीक्षण रिपोर्टें नियंत्रक महोदय के अनुमोदन के उपरांत संबंधित कार्यालयों और मुख्यालय कार्यालय को भेज दी गई है ।

3. **<u>समाचार पत्रिका का प्रकाशन :</u>** नियंत्रक महोदय के निदेशानुसार एक हिंदी समाचार पत्रिका ''रक्षा लेखा दर्पण'' का प्रकाशन किया गया और 1 अक्तूबर, 2021 को रक्षा लेखा दिवस के अवसर पर इसका विमोचन किया गया । अब इसके अगले अंक के प्रकाशन के लिए लेखों को आमंत्रित किया गया है । श्रीमती एस. वत्सला, सहायक नियंत्रक ने सुझाव दिया कि इस समाचार पत्रिका को छ: माह के अंतराल में जारी करते हुए 1अक्तूबर, 2021 से 31 मार्च, 2022 तक की अवधि की घटनाओं को शामिल किया जा सकता है । साथ ही ''आज़ादी के अमृत महोत्सव'' के अधीन आयोजित स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के लिए प्राप्त हिंदी स्लोगन/लघु-कविताओं को भी शामिल करने का सुझाव दिया गया ।

4. **<u>हिंदी शिक्षण योजना के अधीन प्रशिक्षण</u>** - नियंत्रक महोदय द्वारा अनुमोदन के उपरांत हिंदी शिक्षण योजना के अधीन हिंदी पारंगत प्रशिक्षण के लिए 35 अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित किया गया है जिनकी अंतिम परीक्षा मई, 2022 में होगी । साथ ही 08 एम.टी.एस. को जिन्होंने लिपिक की विभागीय परीक्षा में सफलता पाई है, उन्हें हिंदी टंकण की ऑन-लाइन कक्षाओं के लिए नामित किया गया है ।

**<u>मद सं. 2</u> - <u>पिछली दो तिमाहियों 09/2021 तथा 12/2021 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :</u>**

मुख्य कार्यालय की पिछली दो तिमाहियों 09/2021 तथा 12/2021 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

(1) <u>धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि</u> :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 09/2021 | 130 | 130 | शून्य |
| 12/2021 | 208 | 208 | शून्य |

(2) <u>हिंदी पत्राचार की स्थिति</u> :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 09/2021 | 10508 | 1568 | 87.01% |
| 12/2021 | 9174 | 992 | 90.24% |

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि ट्यूलिप के माध्यम से चेक-स्लिप, पंचिंग माध्यम और रिजेक्शन मेमो द्विभाषी रूप से जारी किए जा रहे हैं और उनके आंकड़े भी हिंदी पत्राचार में शामिल किए जा रहे हैं, अत: हिंदी पत्राचार के प्रतिशत में बढ़ौतरी दिखाई दे रही है ।

**<u>मद सं. 3 -</u>** **<u>रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा</u>** - समिति को अवगत कराया गया कि मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही में रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय से कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है ।

**<u>मद सं. 4</u>** - **<u>वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा</u>** - समिति के सदस्यों को बताया गया कि राजभाषा विभाग द्वारा जारी वर्ष 2021-2022 के वार्षिक कार्यक्रम के सभी लक्ष्यों को लगभग प्राप्त कर लिया गया है । हिंदी प्रशिक्षण के मद के लक्ष्य की पूर्ति के लिए हिंदी शिक्षण योजना, हैदराबाद द्वारा चलाई जा रही ऑन-लाइन कक्षाओं में संगठन के कर्मचारियों को हिंदी प्रवीण, हिंदी प्राज्ञ और हिंदी पारंगत पाठ्यक्रमों में नामित किया गया । परीक्षा के परिणाम प्राप्त हो गए हैं और हिंदी प्रवीण और प्राज्ञ में नामित कर्मचारियों को सफल घोषित किया गया है । इस प्रकार अब हिंदी प्रशिक्षण के लिए निर्धारित 100% का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है । भविष्य में केवल हिंदी पारंगत प्रशिक्षण ही शेष रहने की संभावना है जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ।

समिति को सूचित किया गया कि वर्तमान में निम्नांकित मदों पर संगठन द्वारा लक्ष्य-प्राप्ति की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | विवरण | निर्धारित लक्ष्य | प्राप्त लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी पत्राचार | 55% | 79.83% |
| 2. | हिंदी में टिप्पण | 30% | 60.39% |
| 3. | हिंदी प्रशिक्षण | 100% | 100% |

**<u>मद सं. 5</u>** - **<u>संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा</u>** :

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक निदेशक (रा.भा) | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 02 | 01 | 01 |
| 3. | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 01 | शून्य | 01 |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | शून्य | 02 |

**<u>मद सं. 6</u>** - **<u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई विषय/सुझाव</u>** :

(1) श्रीमती एस. वत्सला, सहायक नियंत्रक ने कहा कि इस वर्ष रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की टीम द्वारा इस कार्यालय का नियमित निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है । निरीक्षण के दौरान लेखा परीक्षा की आवश्यकताओं के साथ-साथ राजभाषा संबंधी आवश्यकताओं की भी जाँच की जाती है । अत:, उन्होंने सुझाव दिया कि इस संबंध में जल्द ही एक परिपत्र सभी अनुभागों जारी किया जाए और दो सप्ताह के बाद वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी द्वारा भौतिक रूप से अनुभागों में राजभाषा नियमों के अनुपालन की जाँच की जा सकती है ।

(2) कई समय से राजभाषा के पद रिक्त हैं । इस बात पर चिंता व्यक्त करते हुए ग्रूप अधिकारी (प्रशा) के हस्ताक्षर के साथ मुख्यालय कार्यालय को एक पत्र लिखने का सुझाव दिया गया ।

(3) श्री के. राम नारायण चारी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी ने कहा कि नए भर्ती लेखापरीक्षकों का राजभाषा का कोई ज्ञान नहीं है और वे हिंदी में काम करने से बहुत हिचकिचाते हैं । इसलिए उन्हें इसके बारे में जानकारी देना बहुत आवश्यक है । उन्होंने वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी से अनुरोध किया कि इस दिशा में कुछ प्रयत्न किए जाएं और यूनिकोड के साथ हिंदी में काम करना कितना आसान है यह इन लेखापरीक्षकों को समझाएँ । अनुवाद अधिकारी ने इसे नोट किया ।

(4) अनुभागों में हिंदी के प्रयोग को लेकर हुई चर्चा में हाल में प्रशासन/वेतन अनुभाग का कार्यभार संभालने वाले लेखा अधिकारी श्री यू. रवि कुमार ने कहा कि वे इस विषय पर मंथन करेंगे और जहाँ भी संभव हो, द्विभाषी प्रपत्रों के प्रयोग को बढ़ाने का प्रयास करेंगे ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ ।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है।

**हस्ता/-**
**(एस. वत्सला)**
**रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (प्रशा)**

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा), कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली ।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), राजभाषा अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव,नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का-3), एन.जी.आर.आई., उप्पल रोड, हैदराबाद ।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. सभी प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)/ सभी अनुभाग (स्थानीय)

**हस्ता/-**
**(के. रामकृष्णा)**
**लेखा अधिकारी (प्रशा)**